दिनांक 16.10.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में पूर्वी गार्डेनर रोड, पटना के निमार्णाधीन संयुक्त कार्यालय भवन का निर्माण कार्य के समयवृद्धि के प्रस्ताव पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

उपस्थितिः-

1. **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री मनोज कुमार सिंह** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(संरचना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

1.	कार्य का नाम	- पूर्वी गार्डेनर रोड, पटना के निमार्णाधीन संयुक्त कार्यालय भवन का निर्माण कार्य।
2.	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹51.8772 करोड़ (भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक-405(भ0) दिनांक 15.03.2024)
3.	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- EPC (Engineering, Procurement and Construction Basis) आधारित
4.	विषयांकित कार्य हेतु संशोधित तकनीकी अनुमोदन की राशि एवं प्रसंग	- ₹57.7365 करोड़ (भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक-6010(भ0)अनु0 दिनांक 05.08.2024)
5.	विषयांकित कार्य हेतु प्रदत्त संशोधित तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन में निर्माण कार्य हेतु कर्णांकित राशि	- ₹57.4595656 करोड़
6.	विषयांकित कार्य हेतु एकरारनामा की राशि	- 61.85 करोड़
7.	संवेदक का नाम	- DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001
8.	एकरारनामा संख्या	- EPC No.-02/2024-25
9.	एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि	- 11.12.2024
10.	एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की तिथि	- 10.06.2026 (18 माह)

11. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाहीः-**

पूर्वी गार्डेनर रोड, पटना के निमार्णाधीन संयुक्त कार्यालय भवन का निर्माण कार्य का एकरारनामा संवेदक DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001 से किया गया। जिसका एकरारनामा संख्या-EPC No.-02/2024-25 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने की तिथि 11.12.2024 तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि 10.06.2026 है।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 403 अनु0 दिनांक 27.06.2026 के द्वारा दिनांक **31.12.2026** तक समयवृद्धि की स्वीकृति का प्रस्ताव अनुशंसा के साथ समर्पित किया गया है।

उक्त समयवृद्धि के प्रस्ताव द्वारा विलम्ब का मुख्य कारण निम्नरूपेण प्रतिवेदित हैः-

- कार्य स्थल पर अवस्थित पुराने भवनों, Electrical Poles, LT Line, Sampling Plant of Forest Department, नर्सरी प्लान्टेशन इत्यादि को ध्वस्तिकरण अथवा स्थानांतरण करने में अप्रैल 2025 तक का समय लगा। उक्त कारणों से लगभग 04 माह विलम्ब से कार्य प्रारम्भ हुआ।

- जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 के महिनों में अत्यधिक बारिश होने के कारण भूजल की अत्यधिक रिसाव होने से बेसमेंट एवं रॉफ्ट फाउन्डेशन का कार्य प्रभावित हुआ। इस दौरान लगातार जल निकासी हेतु पंपिंग की व्यवस्था कार्य स्थल पर की गयी परन्तु उक्त कारण से कार्य की प्रगति प्रभावित हुयी।
- अप्रैल एवं मई 2026 में डीजल इंधन की भारी कमी एवं वैश्विक संकट से सप्लाई अस्थिरता होने के कारण कंसट्रक्शन प्लान्ट, डिवाटरिंग पम्प एवं ट्रॉन्सपोर्टेशन कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने उपरोक्त बिन्दुओं पर समीक्षोपरान्त दिनांक 31.12.2026 तक के समयवृद्धि के कारण को उचित पाया।

12. <u>दिनांक 13.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-</u>

सम्यक् विचारोपरात तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य का समयवृद्धि दिनांक **31.12.2026** तक स्वीकृत करने की अनुशंसा पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या-2106(एस) दिनांक 07.03. 2017 के आलोक में तथा सहमति हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया जाता है कि दिनांक **31.12.2026** तक के समयवृद्धि की अवधि में संवेदक को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति/एस0बी0डी0 के कंडिका-10सी0सी0/10सी0ए0 के तहत सामग्रियों के दर में बढ़ोत्तरी का दावा मान्य नहीं होगा।

13. <u>विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-</u>

सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से दिनांक 13.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा किये गये अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है तथा समयवृद्धि की अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु मुख्य अभियंता(संरचना) को प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(विकास कुमार पाण्डेय)	(मनोज कुमार सिंह)	(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)	(प्रणव कुमार)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, बिहार, पटना	मुख्य अभियंता(संरचना) भ0नि0वि0, बिहार, पटना	अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना	सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक- भवन/मु0अभि0(प0)यो0प्राक0-1-36/2024 152 (स्टे) पटना, दिनांक- 22/10/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता(संरचना),
भवन निर्माण विभाग, पटना